निर्णय | महाप्रबंधक बी.के. जेना के निर्देश पर बड़ा फैसला, सड़क सुधार के साथ कैंटीन संचालन भी होगा बहाल, एसईसीएल प्रबंधन ने तेज की विकास की रफ्तार

डेढ़ करोड़ की लागत से सुधरेगी धनपुरी-राजेंद्र बायपास सड़क

नवभारत,धनपुरी । एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल धनपुरी-राजेंद्रा बायपास मार्ग की जर्जर स्थिति लंबे समय से क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। अब इस समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने सड़क सुधार का निर्णय लिया है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से इस मार्ग का व्यापक मरम्मत एवं उन्नयन कार्य कराया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

धनपुरी-राजेंद्रा बायपास मार्ग एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है, जिसका उपयोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी, ठेका श्रमिक, स्थानीय नागरिक एवं भारी वाहन करते हैं। सड़क

की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या को गंभीरता से लेते हुए एरिया महाप्रबंधक बी.के. जेना ने सिविल विभाग को सड़क सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद विभाग ने तेजी से प्रक्रिया आगे बढ़ाई और सड़क निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई। अब निर्माण एजेंसी के चयन के बाद जल्द ही सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू होने जा रहा है। जानकारों का कहना है कि सड़क सुधार कार्य पूरा होने के बाद न केवल कर्मचारियों और अधिकारियों को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के आम नागरिकों को भी सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह मार्ग सोहागपुर क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण इकाइयों को जोड़ता है, इसलिए इसका बेहतर होना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाले स्टाफ ऑफिसर (सिविल) सुमन कुमार की कार्यशैली की भी चर्चा हो रही है। पदभार संभालने के बाद से उन्होंने सिविल विभाग से जुड़े विभिन्न लंबित और महत्वपूर्ण कार्यों को गति देने का प्रयास किया है। विभागीय प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में उनकी सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। सड़क सुधार परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है।

सिर्फ सड़क ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुधार को लेकर भी प्रयास जारी हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय चिकित्सालय के सामने स्थित कैंटीन का भी जल्द जीर्णोद्धार कराया जाएगा। लंबे समय से बंद या प्रभावित इस कैंटीन के पुनर्निर्माण और सुधार के बाद इसके संचालन को पुन: शुरू करने की योजना बनाई गई है। कैंटीन शुरू होने से अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके परिजनों, कर्मचारियों तथा आगंतुकों को काफी सुविधा मिलेगी। एरिया महाप्रबंधक बी.के. जेना की कार्यशैली को लेकर कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच सकारात्मक चर्चा है। अधिकारियों का मानना है कि उत्पादन और विकास कार्यों के बीच संतुलन बनाकर क्षेत्र को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुधार और कैंटीन पुन: संचालन जैसे कदम इसी सोच का हिस्सा हैं। क्षेत्रवासियों और कर्मचारियों को अब उम्मीद है कि धनपुरी-राजेंद्र बायपास मार्ग के नवीनीकरण के बाद वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। साथ ही अन्य विकास कार्यों के पूरा होने से सोहागपुर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का स्तर और बेहतर होगा। आने वाले समय में यह परियोजनाएं क्षेत्र के विकास और कर्मचारियों की सुविधाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली साबित हो सकती हैं।

अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

▸ मऊ गांव के पास सड़क से 20 फीट नीचे मिला शव

नवभारत,शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मऊ गांव के समीप सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक का शव सड़क से करीब 20 फीट नीचे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में दुर्गंध आने पर आसपास तलाश की, जहां उन्हें एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस के मुताबिक, शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत करीब चार से पांच दिन पूर्व हुई होगी। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके लिए आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शव की पहचान होने के बाद मामले की जांच को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।ब्यौहारी थाना प्रभारी जिया उल हक ने बताया कि मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए फॉरेंसिक टीम की सहायता ली जा रही है। एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित किए जाने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है, जबकि पुलिस युवक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

इनका कहना है

स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी दी गई कि सड़क किनारे लगभग 20 फिट नीचे एक व्यक्ति की मृतक अवस्था में पड़ा है। लाश 3-4 दिन पुरानी है, मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, शव क्षत विक्षत स्थिति में है। मामले की जांच की जा रही है।

जियाउल हक
थाना प्रभारी, ब्यौहारी

एक नजर में

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अष्टम स्थापना दिवस पर हुआ प्रसाद वितरण

नवभारत,बुढ़ार। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के अष्टम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुढ़ार रेलवे स्टेशन सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच प्रसाद वितरित कर संगठन के सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के महाकौशल प्रांताधिकारी मेहुल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विक्की पटेल, जिला महामंत्री आशीष साहू, जिला महामंत्री शिवम तिवारी, जिला संरक्षक सदस्य उत्कर्ष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के संदेशों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की सुरक्षा, समृद्धि एवं सम्मान के लिए कार्य करना ही संगठन की मूल भावना और नींव है। कार्यक्रम का समापन 'हिंदू सुरक्षा, हिंदू समृद्धि, हिंदू सम्मान - यही हमारी पहचान' तथा 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ संपन्न हुआ व आगे भी भी यह दृढ निश्चय किया गया समाज हित मे जो भी कार्य समाज के उत्थान के लिए जरूरी होंगे उन्हें किया जाएगा।

ग्राम तिखवा में श्रद्धा व गौरव के साथ मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

नवभारत,ब्यौहारी। ग्राम तिखवा में मंगलवार को वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती जी का बलिदान दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, महिलाएं एवं समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने महारानी रानी दुर्गावती के अद्वितीय शौर्य, त्याग, संघर्ष एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की महान वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने अपने साहस, स्वाभिमान और कुशल नेतृत्व के बल पर अंतिम सांस तक अपने राज्य और प्रजा की रक्षा के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में युवाओं से रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा गया कि उनका जीवन त्याग, नारी शक्ति, राष्ट्रभक्ति और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उपस्थित जनों ने समाज में एकता, भाईचारा, स्वाभिमान एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती का बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा तथा उनके अमर योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

मृत्यु दर में कमी लाने नियमित जांच जरुरी : कलेक्टर

▸ जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक,कुपोषित बच्चों की विशेष निगरानी पर जोर

नवभारत, शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं की सतत निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग का मैदानी

अमला गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क बनाए रखें तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी करें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुपोषित, अति कुपोषित एवं कम वजन वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें शीघ्र पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाए, जिससे उन्हें सामान्य श्रेणी में लाया जा सके।

उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए माताओं को संतुलित आहार, स्तनपान, पूरक पोषण एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर जागरूक किया जाए।बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि लक्षित हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए तथा स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित की जाए। बैठक में शिवम प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ सहित अन्य चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एसआरडब्ल्यू डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने किया लंगर-ए-आम का आयोजन

नवभारत,शहडोल। मुकद्दस माह-ए-मोहर्रम के पाक मौके पर समाज में भाईचारे, इंसानियत और आपसी सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से एसआरडब्ल्यू डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से गुरुवार को बाणंगा बाईपास तिराहा स्थित बैलाडीला फेब्रिकेशन के समीप लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर लंगर ग्रहण किया तथा इस नेक पहल की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम त्याग, बलिदान, मानवता और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया, ताकि समाज के सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दे सकें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों, राहगीरों एवं विभिन्न समाजों के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से लंगर में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर आयोजन के संयोजक रमेश केशवानी एवं वासिद खान सहित अन्य सहयोगियों ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। आयोजन स्थल पर सभी के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी समाजहित और मानव सेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

दो ट्रकों से अवैध पलास लकड़ी जब्त, माफिया में मचा हड़कंप

▸ उड़नदस्ता टीम की लगातार कार्रवाई, बिना टीपी परिवहन कर रही लकड़ी पकड़ी

नवभारत,शहडोल। वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से बिना ट्रांजिट पास (टीपी) के परिवहन की जा रही पलास लकड़ी से भरे दो ट्रकों को जब्त किया है। विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व उड़नदस्ता टीम ने टोल प्लाजा के समीप एक 18 चक्का ट्रक को रोककर जांच की थी। जांच के दौरान वाहन में बिना वैध दस्तावेज के लगभग 18 घन मीटर पलास लकड़ी परिवहन करते पाया गया। वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक सहित लकड़ी को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी क्रम में गुरुवार को टीम ने अमलाई स्थित सोडा फैक्ट्री के पास एक अन्य ट्रक को पकड़ा, जिसमें बिना टीपी के करीब 6 घन मीटर पलास लकड़ी ले जाई जा रही थी। वन विभाग ने ट्रक सहित लकड़ी को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कटाई एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध लकड़ी कारोबारियों में दहशत का माहौल है।

जिला वक्फ कमेटी ने चलाया हरियाली अभियान

▸ विभिन्न स्थानों पर किया गया पौधरोपण

नवभारत,शहडोल। मध्यप्रदेश राज्य वक्फबोर्ड के निर्देशानुसार संचालित 'एक पेड़ बुजुर्गों के नाम' अभियान के तहत गुरुवार को जिला वक्फकमेटी शहडोल द्वारा व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर लगभग 75 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष शकील अहमद ने किया। इस अवसर पर जिला हज कमेटी एवं जामा मस्जिद के अध्यक्ष सैय्यद महमूद अहमद, सैय्यद जियाउल इस्लाम, जामा मस्जिद के सचिव रियाज अंसारी, मोहम्मद रिजवान, अली अहमद, नुरानी मस्जिद से जुड़े पदाधिकारी एवं समाजसेवी बाबू भाई, सोनू भाई, रमजान सहित बड़ी संख्या में समाजजन

उपस्थित रहे।अभियान के तहत शहर के ईदगाह कब्रिस्तान, पाली रोड स्थित कब्रिस्तान, नुरानी मस्जिद के समीप मैदान, देवता हॉस्पिटल के आगे स्थित मैदान सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल भी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ बुजुर्गों के नाम अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि यह अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने का भी एक माध्यम है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज के अन्य लोगों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

ड्रामा | तो ऐसे कैसे होगा जनकल्याण जब पार्षद खुद कर रही किसी असहाय को परेशान

धनपुरी थाने में हाई वोल्टेज ड्रामा,सूत्रधार कौन!

प्रदीप शर्मा

नवभारत,धनपुरी। आज धनपुरी थाने मे मामला था भरण पोषण का वह भी एक मासूम से बच्चे का जिसके सर से मां का साया उठ चुका है लेकिन स्वार्थी दुनिया का हाल देखकर आज संसार से भरोसा भी पीड़ित परिवार का जो उठते जा रहा है कुछ दिन पूर्व एक नाबालिग की मां की मृत्यु होती है उस अबोध बालक को इस बात का एहसास तक नहीं की उसके ऊपर कितनी बड़ी विपत्ति आन पड़ी है उस बालक का भरण पोषण करने के लिए अंजली कोल आगे आती हैंजो उस नाबालिक बच्चे की रिस्तेदार है लेकिन समाज में छुपे कुछ राजनीतिक रसूख रखने वाले की नियत उस बच्चे के परिवार द्वारा छोड़ी गई संपत्ति पर पडती है फिर यहाँ से मामला पैसे के लालच और स्वांग पर अटिकता है लोगों को पता चलता है की लड़के के नाम से एफडी है और उसकी दिवंगत मां के आभूषण तो वह तथाकथित समाजसेवी जनप्रतिनिधि अलादीन के चिराग से अचानक से हाजिर हो जाते हैं और बच्चे के प्रति अपनी झूठी ममता का प्रचार प्रसार करने लग जाते हैं धनपुरी नगर पालिका की पार्षद श्रीमती पूजा कोल जो की खुद को बच्चे के भविष्य के लिए सबसे उपयुक्त बताती है वह आभूषण वा एफडी लेकर पीड़ित बच्चे के मासूम परिवार से गजब का षड्यंत्र रचते हुए दिखाई देती हैं खबर तो यह भी है की इस पूरे मामले में धनपुरी थाने के एक जिम्मेदार ने भी अपनी सहभागिता पूजा कोल के पक्ष में दिखाई और पूर्व के विवाद में जब दोनो पक्ष थाने पहुंचा था तो थाने में आपसी सहमति से गहने और एफडी पूजा कोल को सौंपा गया यह कहकर की आप इसका उपयोग बच्चे के उज्वल भविष्य के लिए करेंगी लेकिन हुआ इसके विपरित जब मामले ने तूल पकड़ा और धीरे धीरे हकीकत जब सामने आने लगी तो बच्चे का भविष्य याद आया की और पूजा कोल जो स्वयं पार्षद हैं उन्होंने थाने में हमदर्दी दिखाते हुए कहा की सरकारी स्कूल में हम नही पढ़ाएंगे वहां पढ़ाई नही होती उनका यह दोहरा मापदंड सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे का अपमान है और तिरस्कार भी

ऐसे हुआ खेल क्या तथाकथित जाएंगे इस मामले में जेल!

बच्चे का गोदनामा भी पूजा ने ले लिया फिर उसके बाद झिल्ली दफाई से पासबुक भी ले लिया आभूषण और एफडी के कागजात तो मैडम ले ही चुकी थी बच्चे के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है पीड़ित अंजलि कोल और उसके परिवार का कहना है की हम इस विषय में न्याय चाहते हैं बच्चा जब हमारे संरक्षण में हैं और उसका भरण पोषण हम करेंगे तो यह आभूषण और एफडी पर सिर्फ इस असहाय मासूम का हक हैं और इसके भविष्य के लिए हम उन सभी आभूषण सामग्री को सुरक्षित रखेंगे मासूम बालक का प्रवेश संदीपनी विद्यालय में कराएंगे और उसका संपूर्ण ख्याल रखेंगे जिससे मासूम का भला हो और वह जब बड़ा हो तो उसे उसकी मां की कमी किसी भी रूप में ना खले और वह अपना एक अच्छा भविष्य बना पाए हम बस यही चाहते हैं आज के विवाद के बात पूजा कोल ने कहा तो है की मैं सब वापस कर दूंगी अब देखते हैं को आगे क्या होता है किसी सर्वहारा समाज के बेटे के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए इस बात को धनपुरी पुलिस को भी समझना चाहिए हालांकि इस मामले की जाँच कर रहे सहायक उपनिरीछक भूपेंद्र सिंह ने कहा की हम सम्बंधित कागजात पार्षद को पेस करने के लिए कह दिया है और आगे की कार्रवाही कानूनी दायरे के अनुसार की जाएगी।

नए शिक्षा सत्र की तैयारियों पर मंथन, शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर

नवभारत,शहडोल। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों एवं विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति की अध्यक्षता में विराट सभागार में शिक्षा विभाग की कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा विद्यालयों में अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्क्रम आधारित शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जाए।

मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

नवभारत,जयसिंहनगर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना परिसर जयसिंहनगर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी अजय के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों, नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अजय ने सभी नागरिकों से मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग मानवता और सामाजिक सद्भाव की मिसाल प्रस्तुत करते हुए त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। बैठक में मंडल अध्यक्ष चक्रधारी प्रसाद शुक्ला, जयश्री कचेर, राजेश द्विवेदी, सूरज पयासी, रामनारायण पांडे, नीरज शर्मा, दिनेश पयासी, मेराज अली खान, निलेश गुप्ता, अंगद शर्मा, राकेश गुप्ता, मोनू शुक्ला, अनुपम द्विवेदी, दीपक केसरवानी, आनंद त्रिपाठी, नीलू शर्मा, सितेश सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि एवं नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। वहीं पुलिस स्टाफ से नीरज शुक्ला, आरक्षक गौतम, ऋषि मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।